संक्षिप्त

गायों को हरा चारा खिलाया

गंगापुर सिटी, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर भजन आश्रम गौशाला जयपुर रोड पर गायों को हरा चारा, सब्जी और गुड खिलाकर जयंती मनाई गई। मां भारती और स्वामी विवेकानंद की चित्रपट पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। शिवनारायण गुप्ता ने विवेकानंद के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शाखा अध्यक्ष राजेंद्र खारवाल, सचिव रामदयाल मीना, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव, शाखा सवन्वयक शिवनारायण गुप्ता, गतिविधि संयोजक महिला निर्मला खारवाल, कार्यक्रम संयोजक कैलाश चंद मित्तल बीएसएनएल,सह संयोजक लक्ष्मी कुमार अग्रवाल महोली, विमल कुमार गुप्ता, महेंद्र सोनी, अश्वनी गुलाटी, अनिल खंडेलवाल एसके, बृजेन्द्र सिंह मीणा,पुष्पा मीना, प्रियंका सोनी, पूजा गुप्ता, वेदवती आर्य, अरविंद गुप्ता महस्वा वाले, सदभाव आर्य सहित कई कार्यकर्ता मोजूद थे।

भगवती जागरण 31 जनवरी को

गंगापुर सिटी, (निसं)। मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में इंदरगढ देवी जिला बूंदी में 31 **जनवरी शनिवार को विशाल** भगवती जागरण गंगापुर वालों की धर्मशाला में आयोजित होगा। समिति महामंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि 1 फरवरी माघ पूर्णिमा पर माता के दरबार में 111 मीटर लंबी विशाल चुनरी महोत्सव मनाया जावेगा। समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग ने बताया की माता रानी की 36 वीं मासिक यात्रा में 31 जनवरी शनिवार को शाम 4 बजे कर्मचारी कॉलोनी गौरव मैरिज होम के सामने से सैकड़ो भक्त इंदरगढ दरबार जिला बूंदी के लिए बसों द्वारा प्रस्थान करेंगे। रात्रि 9 बजे से गंगापुर वालों की धर्मशाला में विशाल भगवती जागरण बाबा म्यूजिकल ग्रुप सिंगर हेमंत सैनी पार्टी द्वारा किया जावेगा, वहीं 1 फरवरी रविवार प्रात: 7 बजे सभी श्रद्धालु माता रानी की 111 मीटर लंबी विशाल चुनरी हाथों में लेकर ढोल नगाड़ा और जयकारों के साथ माता के दरबार के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रात: 9 बजे माता रानी का श्रंगार कर चुनरी भेंट कर दर्शन करके प्रात: 10.30 बजे गंगापुर वालों की धर्मशाला में कन्याओं को भोजन कराकर विशाल भंडारा आयोजित होगा। उन्होंने बताया की मासिक यात्रा में प्रत्येक तीसरे माह में बिजासन माता के दरबार में विशाल चुनरी महोत्सव का आयोजन रखा जाता है।

पाठ्य सामग्री पाकर खिले चेहरे

गंगापुर सिटी, (निसं)। लॉयन्स क्लब गरिमा द्वारा गोद लिए गए राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हर माह की तरह इस माह भी छात्राओं के साथ विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब सदस्य मेघा अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर स्कूली छात्राओं ने उत्साहपूर्वक केक काटकर खुशी मनाई। इस मौके पर लॉयन मेघा अग्रवाल ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं को मदद देने के उद्देश्य से बालिकाओं को मॉडल टेस्ट पेपर उपलब्ध कराए। छात्राओं के लिए यह सामग्री बेहद उपयोगी साबित होगी, जिससे उनकी परीक्षा तैयारी मजबूत हो सकेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्राओं को अन्य आवश्यक पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। विद्यालय के लिए तकनीकी सुविधा बढ़ाने हेतु ब्लूटूथ माइक उपलब्ध कराने की घोषणा भी की गई, जिससे स्कूल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के संचालन में सुविधा होगी। लॉयन्स क्लब गरिमा की यह पहल छात्राओं की शिक्षा और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। आयोजन के दौरान छात्राओं में उत्साह और खुशी देखने को मिली और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में क्लब सचिव वीरेन्द्र कुमार आर्य सहित सौरभ बरडिया, ओम प्रकाश अग्रवाल, अतुल डंगायच, ज्योति खण्डेलवाल, रेणु आर्य, नेहा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

दो बुजुर्ग महिलाओं का किया सम्मान

भरतपुर, (निसं)। ब्रजेन्द्र नगर भरतपुर में राजपूत सभा की बैठक रेवेन्द्र सिंह पना जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में सामाजिक, शैक्षिणक, राजनैतिक आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई साथ ही 80वर्ष से अधिक के दो बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया। जिसमें गोमती देवी धर्मपत्नि गोपाल सिंह परमार ग्राम रारह (90) शान्ति देवी धर्मपत्नि भगवान सिंह चौहान ग्राम खोहरा भुसावर उम्र 85 वर्ष को सम्मानित किया गया।

विधायक गुर्जर ने सीएमएचओ की कार्य शैली पर जताई नाराजगी

- 'पारस और डागुर हॉस्पिटल में अवैध रूप से हो रही डीएनसी की जांच करने के निर्देश दिए थे उसके बाद भी कोई जांच नहीं की गई'
- साधारण सभा की बैठक में जिला प्रमुख शिमला बैरवा करीब 1 घंटे देरी से पहुंची

करौली, (निसं)। यहां जिला परिषद में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से साधारण सभा की बैठक का समय निर्धारित था उसके उपरांत भी जिला परिषद की मुखिया जिला प्रमुख शिमला बैरवा करीब 1 घंटे से अधिक समय के बाद बैठक में पहुंची तब तक साधारण सभा की बैठक शुरू हो चुकी थी और बैठक में कुल सदस्यों में से मात्र आधे ही सदस्य उपस्थित थे

जिला परिषद की आयोजित हुई साधारण सभा की बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में उठे प्रश्नों के बारे में अधिकारियों ने जवाब दिए इसी दौरान क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने सीएमएचओ की काय शैली पर नाराजगी जहर करते हुए कहा की पिछली बैठक में हिंडौन के पारस और डागुर हॉस्पिटल में अवैध रूप से हो रही डीएनसी की जांच करने के निर्देश दिए गए थे उसके उपरांत भी कोई जांच नहीं की गई उन्होंने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा की या तो शीघ्र ही इन दोनों हॉस्पिटलों के घोटाले की शीघ्र जांच कर अवगत कराया जाए अन्यथा विधानसभा में मामला उठाऊंगा इसी मौके विधायक ने रसद विभाग पर बोलते हुए कहा की राशन डीलरों को जो ट्रक गेहूं की सप्लाई दे रहे हैं उन ट्रकों में 2 से 3 क्विंटल की सप्लाई राशन डीलरों को कम मिल रही है गत बैठक में भी है मामला उठा था जिसके मामले में विधायक ने जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए कि इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच की जाए कि यह कहां गडबडी हो रही है। बैठक में नाडोती क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य राम सिंह मीणा ने राशन डीलरों के व्यवहार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उपभोक्ताओं से सही व्यवहार नहीं करते हैं। उन्होंने शॉप के राशन डीलर का नाम खुलासा करते हुए कहा कि वह लाहबद गांव में राशन वितरण करता है जिसका व्यवहार सही नहीं है उपभोक्ताओं से अवैतवे से बात करता है उन्होंने चंबल प्रोजेक्ट से मिलने वाले पानी पर बोलते हुए कहा की नादौती क्षेत्र में नियमित रूप से पानी नहीं मिलता है उन्होंने कहा कि जुलाई से पानी नहीं मिला अब गत दिन से पानी की सप्लाई मिली है अंत में उन्होंने पेयजल की नियमित सप्लाई करने की मांग रखी उधर कटकड की जिला परिषद सदस्य सीएससी अस्पताल को 24 घंटे संचालित करने की मांग रखी जिसके जवाब में सीएमएचओ ने कहा कि स्टाफ की कमी है एक ही चिकित्सक है इसलिए 24 घंटे चलाना संभव है फिर भी उन्होंने विश्वास दिलाया की रात्रि के समय नर्सिंग स्टाफ लगाकर 24 घंटे चलाएंगे इसी मौके पर उन्होंने एक बडा प्रश्न उठाया की विधायक को से जो एंबुलेंस दी गई है वह आज तक किसी के काम नहीं आई है और ना ही किसी रोगी को लाभ मिला है जिसको लेकर विधायक दर्शन सिंह ने भी कहा यह पूरे जिले का हाल है उधर सीएमएचओ ने कहा कि विधायक को से मिली एंबुलेंस को चलाने के लिए चालक और उन मेंटेनेंस के खर्चे की व्यवस्था हमारे विभाग द्वारा नहीं है इसलिए चलाना संभव नहीं है वही विधायक ने करौली सामान्य चिकित्सालय में गहन चिकित्सा इकाई के लिए बडी राशि के इक्विपमेंट पडे हुए हैं जिनका उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है जिस मामले में सीएमएचओ ने जवाब में कहा कि यह प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के अंडर में आता है इसके अलावा अन्य सदस्यों ने भी बिजली पानी आदि की समस्याओं के मुद्दा उठाएं अंत में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की क्षेत्र में बिजली पानी की समस्या को गंभीरता से लिया जाए इसी मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने भी सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला परिषद सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की जो समस्या में बताई गई है उन सभी समस्याओं को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लेकर धरातल पर कार्य करें ताकि आमजन को समस्याओं से निजात मिल सके जिला परिषद की जिला प्रमुख शिमला बैरवा ने कहा कि जिले की आम जन की समस्याओं को सभी विभाग के अधिकारी तालमेल बैठक समाधान करने के निर्देश दिए।

युवाओं को उद्यिमता के प्रति किया प्रेरित

भरतपुर, (निसं)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई-स्टार्ट नेस्ट भरतपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के उभरते हुए स्टार्टअप्स, विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों के छात्रों और नवाचार में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाना और युवाओं को नवाचार के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर संभाग इनक्यूबेटर सेंटर के उप निदेशक हरि मोहन शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन स्टार्टअप्स और छात्रों को एक साझा मंच पर लाने और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक बेहतर माध्यम है। उन्होंने बताया कि यह मंच केवल नवाचार को प्रोत्साहित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रतिभागियों को व्यावसायिक कौशल विकसित करने, एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और नेटवर्किंग के बहुमूल्य अवसर भी प्रदान करता है। अभियांत्रिकी महाविद्यालय करौली के प्राचार्य रवि गुप्ता, अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर के प्राचार्य धवल व्यास एवं जिला उद्योग अधिकारी सूर्यकांत पाण्डेय ने कार्यक्रम में स्टार्टअप्स के साथ चर्चा की और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने स्टार्टअप्स को अपना बिजनेस बढ़ाने, आइडिया डेवलप करने, तकनीकी रूप से कुशल बनने तथा व्यवसाय को पूर्ण रूप से स्थापित एवं विकसित करने के महत्वपूर्ण तरीके बताए।कार्यक्रम का समन्वय और संचालन सूचना सहायक सदेश कुमार, सूचना सहायक रवि कुमार एवं आई-स्टार्ट नेस्ट भरतपुर के मेंटर मनु विजय द्वारा किया गया।

चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना, जेवरात चुराए

- बच्चों से मिलने जयपुर गए मकान मालिक, पीछे से चोरों ने की वारदात जांच में जुटी पुलिस

गंगापुर सिटी, (निसं)। मीनेश नगर इलाके में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात एक सूने मकान से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए। यह घटना रामदेव मंदिर के पीछे दूध की डेयरी के पास स्थित विनोद सैन पुत्र मुख्याराम के मकान में हुई। शुक्रवार सुबह जब परिजन घर लौटे, तो उन्हें कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा मिला।

पीड़ित विनोद सैन ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ गुरुवार को जयपुर बच्चों से मिलने गए थे, जिसके कारण मकान सूना था। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर रात में वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने घर के मुख्य दरवाजे और कमरों के ताले तोड़े। इसके बाद, अंदर रखी तीनों अलमारियों के ताले भी तोडकर सारा सामान खंगाल दिया और कीमती जेवर लेकर फरार हो गए। परिजनों के अनुसार, लगभग एक महीने पहले परिवार में बेटी की शादी हुई थी। शादी के दौरान इस्तेमाल किए गए अधिकांश जेवर घर में ही रखे थे, जिन्हें चोरों ने चुरा लिया। चोरी हुए आभूषणों में तीन बहुओं के जेवर शामिल हैं, जिनमें तीन कनकती, तीन नथ, तीन टीका और पांच अंगूठियां बताई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, घर पर रखे बहन के आभूषण भी चोर ले गए, जिनमें एक नथ, एक जोड़ी पायजेब और एक कनकती शामिल है। परिवार ने यह भी बताया कि बेटी के एक जोड़ी सोने के कुंडल और झुमकी भी चोरी हो गए हैं। चोरी हुए जेवरों की कुल कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मकान का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इलाके में पहले भी चोरी की घटनाएं हुई हैं, और रात्रि गश्त के अभाव में चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। संदिग्धों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

ऐश्वर्य शर्मा ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

भरतपुर (निस)। अगर दिल में हौसला और मन में दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इसी कथन को सच कर दिखाया है लोहागढ़ के जयशंकर टाईगर क्लब के 11 वर्षीय खिलाड़ी ऐश्वर्य शर्मा ने, जिन्होंने बेहद साधारण परिवार से होने के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

भारतीय ओलंपिक संघ से प्रवर्तक तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में, दिल्ली ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 39वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर क्योरुगी ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2026 का आयोजन 13 से 15 जनवरी तक तालकटोरा इनडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से लगभग 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। चौंपियनशिप में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. ईश्वरी के. गणेश, महासचिव एडवोकेट आर.डी. मंगेश्वर, सह सचिव व इंटरनेशनल रेफरी मनोज कुमार (हरियाणा), उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार कश्यप, राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन अध्यक्ष उत्तम सैनी, महासचिव लक्ष्मण सिंह हाडा, दिल्ली ताइक्वांडो एसोसिएशन अध्यक्ष कुलदीप वत्स एवं महासचिव हर्षप्रिया सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। भरतपुर ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष एवं मार्शल आर्ट चौंपियन पवन पाराशर ने बताया कि जयशंकर टाईगर क्लब के लिटिल टाईगर ऐश्वर्य शर्मा लोहागढ़ जिला एवं राजस्थान राज्य के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर यह महत्वपूर्ण स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर संघ सचिव इंजीनियर दीप्ति शर्मा ने जानकारी दी कि ऐश्वर्य ने फाइनल मुकाबले में उड़ीसा के खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले उन्होंने गुजरात, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश एवं पांडिचेरी के खिलाड़ियों को भी मात दी थी।

विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक

गंगापुर सिटी, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आदर्श बस्ती में अलग-अलग जगह बैठक आयोजित की जा रही है। आदर्श बस्ती की महिला प्रभारी अंजना रावत की उपस्थिति में गंगापुर सिटी में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष्य में आदर्श बस्ती की अग्रसेन कॉलोनी में बैठक आयोजित की गई।

जिसमें मंगल कलश यात्रा सह संयोजक सुधा गुप्ता के द्वारा बस्ती की महिलाओं को कार्यक्रम की रूपरेखा समझाकर बताया गया कि 1 फरवरी दोपहर 12 से 4 बजे तक विराट हिंदू सम्मेलन गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर उदई मोड़ पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें मंगल कलश यात्रा, हनुमान चालीसा, बौद्धिक कार्यक्रम,सांस्कृतिक कार्यक्रम ,संत उद्बोधन विविध प्रकार के कार्यक्रम रखे जाएंगे। उन्होने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में समरसता एवं राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने का प्रयास करेंगे। विराट हिंदू हिंदू सम्मेलन के आदर्श बस्ती की महिला प्रभारी अंजना रावत ने आदर्श बस्ती की महिलाओं को सपरिवार इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा आने का आवा किया। सुधा गुप्ता ने बताया कि इस बस्ती में महिला सहसंयोजक पिंकी प्रजापत, शीला प्रजापत गंगा देवी पिंकी गुप्ता एवं लक्ष्मी जोशी को बनाया गया है। इस दौरान पिंकी प्रजापत, कमला प्रजापत, गुड्डी प्रजापत आदि मौजूद रहे।

सवाई माधोपुर स्थापना दिवस का आगाज आज से

- 17 से 19 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे

सवाई माधोपुर, (निसं)। जिला प्रशासन एवं पर्यटक विभाग द्वारा सवाई माधोपुर का 263वां स्थापना दिवस बाघ महोत्सव के रूप में 17 से 19 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरुआत शनिवार को प्रात: 9 बजे रणथम्भौर दुर्ग स्थित श्री त्रिनेत्र गणेश की महाआरती से होगी। वहीं समापन 19 जनवरी की सांय जाने-माने गायक पद्मश्री कैलाश खेर की सूफी बंदिशों और रंगीन भव्य आतिशबाजी से होगा।

उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह ने बताया कि सवाई माधोपुर उत्सव के प्रथम दिन त्रिनेत्र गणेश जी की महाआरती के पश्चात प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक दशहरा मैदान में फोटो प्रदर्शनी और लाइव पेंटिंग आर्ट कैम्प का आयोजन होगा। वहीं दोपहर 12 बजे गणेशधाम भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र खिलचीपुर में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन सांय 5 बजे रामेश्वरघाट पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन होगा। 18 जनवरी को प्रात: 8 बजे लवकुश वाटिका चौथ का बरवाड़ा में नेचर वॉक (प्रकृति की सैर), प्रात: 10 बजे पुलिस लाइन मैदान में फुटबॉल मैच, प्रात: 11 बजे दशहरा मैदान में अमरूद एक्सपो, दोपहर 2 बजे दशहरा मैदान में कन्हैया पद दंगल होगा।

'गौ माता भारतीय संस्कृति व सनातन परंपरा का मूल आधार'

हिण्डौन सिटी, (निसं)। पूर्वी राजस्थान के प्रसिद्ध गौ-प्रचारक पूज्य संत श्री वैष्णव दास जी महाराज के हिंडौन आगमन पर संत श्री श्री छैया दास जी महाराज के जलसैन आश्रम पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सौरभ शुक्ला, जिला सह मंत्री शंभू दयाल समाधिया, यश शर्मा, महेंद्र शर्मा एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम के संयोजक जलवा सिंह चौधरी ने माला पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर संत का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

विश्व हिंदू परिषद के प्रचार प्रसार प्रमुख नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि इस अवसर पर संत श्री वैष्णव दास जी महाराज ने उपस्थित गौ भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि देसी नस्ल की गौ माता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का मूल आधार है।

उन्होंने द्वापर युग का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे आराध्य श्रीकृष्ण भगवान ने गौ-सेवा को सामाजिक जीवन और मानव स्वास्थ्य से जोड़कर उसके महत्व को स्थापित किया। आज वही गोवंश उपेक्षा का शिकार है और बड़ी संख्या में निराश्रित अवस्था में इधर-उधर विचरण कर रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं में उनकी मृत्यु या घायल होने की घटनाएं हो रही हैं।विश्व हिंदू परिषद के सह मंत्री शंभू दयाल समाधिया तथा संत श्री श्री छैया दासजी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में गौ का अत्यंत धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व होने के बावजूद वर्तमान में गोवंश संरक्षण के लिए ठोस कदमों का अभाव है। उन्होंने अधिक से अधिक गौशालाएं खोलने, उनके लिए चारा-पानी की समुचित व्यवस्था करने तथा देशभर में प्रभावी गौ-संरक्षण कानून लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बहादुर सिंह गुर्जर ने सर्वे रिपोर्ट का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिए गए तो विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2036 तक गोवंश का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है।

योग सत्र का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर की एन.एस.एस. की चारों इकाइयों के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के पाँचवे दिन योग एवं प्राणायाम सत्र का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता पांडे की अध्यक्षता में हुआ। डॉ पांडे ने कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चित्तवृत्तियों का निरोध ही योग है। मुख्य अतिथि डॉ जितेंद्र कुमार रैकवार ने प्राणायाम और ध्यान के महत्व पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गिरधारी लाल महावर, एवं उमाशंकर शर्मा तथा संकाय सदस्य डॉ नेहा मीणा व डॉ विनीता कुमारी उपस्थित रहे।

सात दिवस शिविर का हुआ शुभारंभ

- व्यक्तित्व विकास व राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका पर जोर

हिण्डौन सिटी, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन 16 जनवरी से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक करौली लोकेश सोनवाल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर के प्रोफेसर अशोक गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला समन्वयक एनएसएस करौली डॉ. रामलखन मीणा थे और अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पप्पू राम कोली ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी लोकेश सोनवाल ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में समर्पण और परिश्रम की भावना विकसित करता है, जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकते हैं।

प्रो. अशोक गुप्ता ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से कर्तव्यों का निर्वहन करने और लक्ष्य गीत के माध्यम से प्रेरित किया। डॉ. रामलखन मीणा ने कहा कि समाज की समस्याओं के समाधान, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता जैसे गुणों का विकास एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से किया जाता है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. पप्पू राम कोली ने बताया कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एनएसएस कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवक पर्यावरण संरक्षण, यातायात जागरूकता और साइबर सुरक्षा जैसी वर्तमान चुनौतियों पर कार्य कर देश को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाते हैं।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितेश जैन ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में एनएसएस की दो इकाइयों के विशेष शिविर 16 से 22 जनवरी तक संचालित होंगे, जिनमें योग-प्राणायाम, श्रमदान, गोद ली गई बस्तियों में जन-जागरूकता अभियान और विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा बौद्धिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर से डॉ. पुजारी ठाकुर सिंह ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण और समाज व परिवार की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कठोर परिश्रम करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम अधिकारी शालिनी गुप्ता ने एनएसएस के आदर्श वाक्य स्वयं से पहले आप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयंसेवक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य गंगाराम मीणा, मुकेश कुमार गोयल, डॉ. अनिल अठावाल, डॉ. दिनेश कुमार मीणा, डॉ. श्रीनिवास गुर्जर सहित अन्य शिक्षकगण और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

दैनिक उपयोगी सामग्री वितरित की

भुसावर/भरतपुर (निसं)। भुसावर में मुस्कान एक पहल संस्था ने मकर संक्रांति पर 51 जरूरतमंद परिवारों को दैनिक उपयोगी सामठी वितरित कर सेवा की नई मिसाल पेश की है। अरविन्द मित्तल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भामाशाहों के सहयोग से कंबल, राशन और मिठाइयां बांटी गईं। ईटामडा और भगवानपुर सहित कई गांवों के लोगों ने संस्था के 7 वर्षों के सेवा कार्यों और 12 प्रकल्पों की सराहना करते हुए आभार जताया। भुसावर। नर सेवा ही नारायण सेवा है, इस उक्ति को भुसावर की धरा पर श्मुस्कान एक पहलश् संस्था ने चरितार्थ कर दिखाया है। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जब पूरा देश दान-पुण्य की परंपराओं में लीन था, तब छौकरवाडा सडक मार्ग स्थित किरोडी लाल मित्तल स्मृति न्यास भवन में मानवता का एक अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ संवेदना और सहयोग की जीवंत प्रतिमूर्ति बनी संस्था ने क्षेत्र के 51 निर्धन, असहाय, विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों के चेहरों पर वह मुस्कान बिखेरी, जिसकी कल्पना आधुनिक स्वार्थपरक युग में कम ही की जाती है। जन सहयोग की शक्ति से आयोजित इस भव्य सामठी वितरण समारोह ने न केवल जरूरतमंदों की झोली भरी, बल्कि समाज के सामने सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश किया।

तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को ब्लॉक स्तर पर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौपड़ सर्किल हिण्डौन में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, दायित्वों का निर्धारण एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।बैठक में तय किया गया कि प्रात: 8 बजे समस्त राजकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में ध्वजारोहण व राष्ट्रगान किया जाएगा। उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं निवास पर विशेष व्यवस्थाएं नगर परिषद, सीडीपीओ, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्य समारोह स्थल पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण व राष्ट्रगान होगा। मुख्य समारोह में मंच संचालन ज्योति शर्मा व देवी सहाय शर्मा करेंगे। इसके बाद प्रात: 9:15 बजे से स्काउट, गाइड, एनएसएस, एनसीसी व विद्यालय/महाविद्यालय की टीमों की परेड आयोजित होगी, जिसमें अभय विद्या मंदिर विद्यालय का बैण्ड दल भाग लेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को नगर परिषद द्वारा पारितोषिक प्रदान किए जाएंगे। प्रात: 9:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनकी थीम देशभक्ति व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित रहेगी। कार्यक्रमों का चयन गठित समिति द्वारा किया जाएगा।प्रात: 10 बजे पारितोषण एवं प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम होगा, जिसमें विशिष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों व कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके पश्चात 10:15 बजे स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा।

झील स्मारिका का किया विमोचन

भरतपुर, (निसं)। श्री कैलादेवी क्षेत्र विकास संस्थान झील कावाडा का 41वां नेत्र ज्योति शिविर जिला अन्धता निवारण समिति भरतपुर एवं जीवन संस्था हिण्डौन सिटी के संयुक्त तत्वावधान में 7 फरवरी शनिवार को आस्था की देवी सिद्धपीठ श्री कैला मईया झील कावाडा में आयोजित किया जा रहा है। मंत्री ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि झील स्मारिका 2026 का विमोचन संस्था पदाधिकारी एवं गणमान्य बन्धुओं की उपस्थिति में हुआ जिसमें संस्था द्वारा किये गये वर्ष भर के धार्मिक कार्यों एवं सहयोगी भामाशाहों का विस्तृत विवरण अंकित है। शिविर संयोजक विष्णु लोहिया ने बताया कि संस्था द्वारा यह 41वां विशाल नेत्रज्योति शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में अनुभवी वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ अपनी टीम के साथ सेवाऐं देंगे, चिंहित लोगों का बिना टांके के लैंस प्रत्यारोपण आपरेशन निशुल्क किया जावेगा, संस्था की ओर से रोगियों के आवास, बिस्तर, दवाई, भोजन, बर्तन एवं चश्मे आदि की व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी, रोगियों की जांचें एवं भर्ती 7 फरवरी शनिवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक झील का वाडा में की जावेगी, आपरेशन के एम.एस.आई हॉस्पीटल बयाना में किये जावेंगे।क अत: अधिक से अधिक रोगी पधारकर नेत्र शिविर का लाभ उठावें एवं अपने साथ आधार कार्ड की फोटो कापी लावें। इस मौके पर अध्यक्ष राधाकृष्ण विंदल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन मित्तल, मंत्री ब्रजकिशोर शर्मा, अंसार भाई आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

भरतपुर, (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी तथ्यों के आधार पर बड़ी संख्या में एक षड्यंत्र के त